**प्रेस नोट**
**दिनांक - 09.10.2025**

**थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा जानलेवा हमला करने के आरोपी अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार-**

**कार्यवाही-**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना को0 नगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0- 335/25 धारा 333, 352,115(2), 125, 110, 351(3) बीएनएस बढ़ोत्तरी धारा 109,191 (2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त पवन सिंह व प्रकाश में आये आरोपी अभियुक्त अरुन सिंह पुत्रगण सुरेन्द्र प्रताप सिंह नि0गण ग्राम अनभुला थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा को नवाबगंज रोड पर अनभुला मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 07.10.2025 को वादी आनन्द सिंह पुत्र हरिभजन सिंह नि० ग्रा० अनभुला थाना वजीरगंज गोण्डा द्वारा थाना वजीरगंज में लिखित तहरीर दी गयी कि जमीन कब्जेदारी के विवाद को लेकर पवन सिंह पुत्र सुरेन्द्र प्रताप सिंह आदि 4-5 लोग वादी के घर में घुसकर वादी, वादी की पत्नी अमिता सिंह व अन्य परिजनों को भद्दी -2 गाली - गुप्ता देते हुए लाठी - डन्डा व ईंट पत्थर से मारा पीटा, जिससे वादी तथा उसके परिजनों को काफी चोटे आई तथा वादी की पत्नी अमिता सिंह को अधिक चोट लग जाने के कारण मौके पर बेहोश हो गयी। वादी की तहरीर पर थाना वजीरगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ तथा साक्ष्य संकलन के आधार पर आज दिनांक 09.10.2025 को थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त पवन सिंह व प्रकाश में आये आरोपी अभियुक्त अरुन सिंह को नवाबगंज रोड पर अनभुला मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

01. पवन सिंह पुत्र सुरेन्द्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम अनभुला थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।
02. अरुन सिंह पुत्र सुरेन्द्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम अनभुला थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0 335/25 धारा 333,352,115(2), 125,110,351 (3), 109,191 (2) बीएनएस थाना वजीरगंज गोण्डा।

**गिरफ्तारकर्ता टीम-**

01. व0उ0नि0 मय हमराही
02. हे0का0 रोबिन सिंह
03. का0 विजितासव मौर्य
04. का0 अनूप कुमार शाह

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**<u>प्रेस नोट</u>**
**<u>दिनांक - 09.10.2025</u>**
**<u>जनपद – गोण्डा</u>**

**<u>बरूआर जाति समाज के उत्थान एवं महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन रेंज की अध्यक्षता में आयोजित मिशन शक्ति चौपाल</u>**

गोण्डा। शासन की महत्वाकांक्षी "मिशन शक्ति 5.0" अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 09 अक्टूबर 2025 को थाना धानेपुर क्षेत्र के ग्राम दुल्हापुर बनकट में श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र की अध्यक्षता में एक भव्य मिशन शक्ति चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में जिलाधिकारी गोण्डा, मुख्य विकास अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं चिकित्सा, पंचायत राज, विद्युत समेत अनेक विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के संबंध में जन-जागरूकता फैलाना तथा स्थानीय बरूआर जाति समुदाय की समस्याओं को जानकर उनका मौके पर ही समाधान कराना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, विशेष रूप से बरूआर जाति समुदाय के लोगों ने प्रतिभाग किया और अपनी समस्याएं श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन रेंज तथा जिलाधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कीं।
इस दौरान उपस्थित अधिकारीगण द्वारा समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा उपस्थित जनसमूह को महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु शासन द्वारा संचालित योजनाओं —
जैसे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, एवं हेल्पलाइन सेवाओं सीएम हेल्पलाइन 1076, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, सायबर हेल्पलाइन 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस हेल्पलाइन 112, एम्बुलेंस 102(केन्द्रीय)/108(राजकीय) आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।
कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, किसी भी प्रकार की हिंसा या भेदभाव की स्थिति में तुरंत पुलिस या हेल्पलाइन से संपर्क करने, तथा आत्मरक्षा के प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया गया। श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा बताया गया कि पुलिस विभाग महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है, और प्रत्येक थाने में मिशन शक्ति डेस्क स्थापित कर महिलाओं की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों की सहभागिता रही। महिलाओं ने प्रशासन के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से शासन-प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है, जिससे समस्याओं के समाधान में पारदर्शिता व त्वरित कार्यवाही संभव हो पाती है।
**<u>श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक महोदय ने कहा कि इस चौपाल के माध्यम से नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक और सार्थक कदम बढ़ाया गया। प्रशासन द्वारा यह संकल्प दोहराया गया कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा और महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित की जाएगी।</u>**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 09.10.2025**

**मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत जनपदीय एण्टीरोमियो स्क्वायड टीमों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को किया गया जागरूक-**

गोण्डा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिला एवं बालिका सुरक्षा, सम्मान तथा आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ बनाने हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद के राजपत्रित अधिकारी व एण्टी रोमियो स्क्वायड टीमों द्वारा आज विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए। इस दौरान टीमों ने गांवों, कस्बों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर स्थानीय महिलाओं एवं बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित किया।

कार्यक्रम में टीमों ने महिलाओं/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के उपाय, और कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। मिशन शक्ति की महिला पुलिसकर्मियों ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं से उनकी व्यक्तिगत व सामाजिक समस्याओं के बारे में जानकारी ली और आने-जाने के दौरान होने वाली संभावित परेशानियों पर सुझाव भी प्राप्त किए तथा फीडबैक फार्म भरवाकर हॉटस्पॉट क्षेत्रों को चिन्हित किया गया साथ ही महिलाओं को भरोसा दिलाया गया कि गोण्डा पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा एवं सहयोग के लिए उपलब्ध है साथ ही एण्टीरोमियों स्क्वायड टीम द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को शासन द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर्स के बारे में विस्तार से बताया गया, जिनका उपयोग आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है-

112- पुलिस आपातकालीन सेवा
1090- वूमेन पावर हेल्पलाइन
1076- माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
108- एंबुलेंस सेवा
1930- साइबर अपराध हेल्पलाइन
1098- चाइल्ड हेल्पलाइन
102- स्वास्थ्य सेवा

इसके साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर सुरक्षा से जुड़ी सावधानियों, जैसे अज्ञात कॉल या संदेशों पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करना, बैंक संबंधी धोखाधड़ी से बचाव, और सोशल मीडिया पर गोपनीयता बनाए रखने के तरीकों की जानकारी दी गई। टीमों द्वारा यह भी बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य न केवल महिला सुरक्षा को सुनिश्चित करना है, बल्कि उन्हें आर्थिक, सामाजिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना भी है, ताकि वे हर परिस्थिति में अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें। एण्टीरोमियो स्क्वायड टीमों द्वारा जनपद के चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान संदिग्ध

व्यक्तियों की गहन जांच की गई तथा शोहदों/मनचलों को रेड कार्ड जारी कर सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में इस प्रकार की कोई भी हरकत दोहराने पर उनके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**